रपट

हिंदी क्षेत्रों में अध्ययन यात्रा

नाम:- तन्वी तुकाराम गांवकर

अनुक्रमांक:- 23P0140033

PR. Number:- 202009961

शणै गोंयबाब भाषा और साहित्य महाशाखा

हिंदी अध्ययन शाखा

गोवा विश्वविद्यालय

15/20

3/05/24

परीक्षक: दीपक वरक

श्वेता गोवेकर

GOA UNIVERSITY
TALEIGAO PLATEAU GOA

REDMI NOTE 5 PRO
MI DUAL CAMERA

अनुक्रमणिका

अनु क्र.	दिन	विषय
१.		प्रस्तावना
२.		टूर पर जाने की पूर्व प्रक्रिया
३.		टूर का सफ़र
४.	पहला दिन	अक्षरधाम मंदिर
५.	दूसरा दिन	इंडिया गेट
६.		ललित कला अकादमी
७.		लोटस टेंपल
८.		हुमायुं का मकबरा
९.		लक्ष्मीनारायण/बिड़ला मंदिर
१०.	तीसरा दिन	दिल्ली विश्वविद्यालय
११.		हिंदू कॉलेज
१२.		जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
१३.		कुतुब मीनार
१४.	चौथा दिन	ताजमहल
१५.		मथुरा
१६.		वृंदावन
१७.	पाँचवा दिन	उग्रसेन की बावली
१८.		राष्ट्रीय बाल भवन
१९.		राजघाट
२०.		जामा मस्जिद
२१.		लाल किल्ला
२२.		सरोजिनी नगर
२३.		निष्कर्ष

प्रस्तावना

शैक्षिक भ्रमण का शिक्षा के क्षेत्र में अपना विशेष महत्व है। शैक्षिक भ्रमण से हम प्रकृति की सुन्दरता से रुबू-रु होते हैं। मानव की सुन्दर कलाकृतियों से परिचित होते हैं, साथ ही साथ कुदरत की कुछ रहस्यों से भी परिचित होते हैं जिसमें हमारे ज्ञान में वृद्धि होती है। शैक्षिक भ्रमण में हम परोक्ष नहीं बल्कि प्रत्यक्ष रूप से देखते हैं, जिससे ज्ञान स्थायी होते हैं, साथ ही रासानुभूति की प्राप्ति होती है और नयन सुख की प्राप्ति होती है। यह मनोरंजन के माध्यम से सीखना शिक्षा का सबसे अच्छा माध्यम है।

हमारे विश्वविद्यालय से भी हम एम. ए. प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राएँ लगभग एक सप्ताह के लिए दिनांक १८ मार्च २०२४ से २६ मार्च २०२४ को हिंदी क्षेत्रों में अध्ययन यात्रा हेतु दिल्ली, अक्षरधाम मन्दिर, इंडिया गेट, ललित कला अकादमी, लोट्स टैंपल, हुमायूँ का मकबरा, बिड़ला मन्दिर, दिल्ली विश्वविद्यालय, हिंदू कॉलेज, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, कुतुबमीनार, ताजमहल, मथुरा, वृंदावन, उग्रसेन की बावली, राष्ट्रिय बाल भवन, राजघाट, जमा मस्जिद, लालकिल्ला और सरोजिनी।

टूर पर जाने की पूर्व प्रक्रिया

मैं तन्वी गांवकर, एम. ए. हिंदी पार्ट १ की विद्यार्थी हूँ। हमें दूसरे सेमेस्टर में कुल ६ पेपर है। जिसमें दो पेपर में हमें विकल्प था जिसमे हिंदी क्षेत्रों में अध्ययन यात्रा और भाषा और साहित्य: सामाजिक एवं सांस्कृतिक सर्वेषण। २६ छात्रों ने हिंदी क्षेत्रों में अध्ययन यात्रा को चुना।

हमारे डॉ. बिपिन तिवारी सर ने हमें जगहों के बारे में सूचना दी। और उसी दिन से हम तैयारी मे लग गये। दीपक सर ने हम सब बच्चों से अंडरटेकिंग लिखकर ले लिया और हम सब विद्यार्थीयों से ट्रेन के टिकट के लिए २१०० रुपये लिए थे। इसके बाद हमारी टूर पर जाने की तारीख चुन ली गई। कुछ विद्यार्थियों ने और सर दीपक जी ने जाकर १४ फरवरी २०२४ की टिकट निकाली। लेकिन इमरजेंसी के कारण इस दिन जाना संभव नहीं हुआ तो सर दीपक और विद्यार्थियों ने फिर से जाकर टिकट को रीशेड्यूल किया और १८ मार्च २०२४ की टिकट निकाली। इस तारीख के हिसाब से हमने तैयारी करना शुरू की।

टूर पर जाने से पूर्व हमें बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा जैसे कि हमारे साथ बिपिन तिवारी सर आने वाले थे लेकिन कुछ इमरजेंसी के कारण उनका आना असंभव हो गया और उनके स्थान पर श्वेता मैम को आना पड़ा। एक यात्रा के लिए जिन चीजों की सहायता होती हैं वे सब चीजे हमने बेग में पैक कर दी जैसे सुबह उठने के बाद टूथब्रश से लेकर कपड़े, साबुन, बरतन आदि को बैग में पैक किया और उसके साथ हमारी आय. ड. और कॉलेज की आय. डी. भी ले ली । इस तरह से टूर जाने की हमारी पूर्व प्रक्रिया रही है।

ट्रेन का सफर

हम लोगों का हिंदी क्षेत्रों में अध्ययन यात्रा १८ मार्च २०२४ को, दोपहर ३:४० को ट्रेन थी। लेकिन हम सब स्टेशन पर २:३० तक पहुँचने के लिए कहा था। वहाँ पहुंचने के बाद सर्वप्रथम हम सब की उपस्थिति सर दीपक द्वारा ली गई। ट्रेन ५:०० बजे आयी थी। तो इसके बीच हमें बहुत देर तक रुकना पड़ा। के बीच हम लोगों ने वहाँ स्टेशन पर चाय ली और हम सबने ग्रुप फोटो निकालें और ऐसा करते करते ट्रेन आ गई। ट्रेन आते ही हम सब अपना अपना सामान लेकर ट्रेन में पहुंचे और सब अपने अपने सीट पर बैठ गये। इसके बाद सर ने पुन: सब की उपस्थिति ली। हम सब विद्यार्थी और शिक्षक, शिक्षिका मिलकर ३० थे।

ट्रेन के लिए जब हम ट्रेन में पहुँच गए तो हम सब ने अपना अपना सामान रख दिया और एक दूसरे से बात करने लगे। ट्रेन में हम लोगो ने बहुत मस्ती की जैसे कि दीपक सर श्वेता मैम और हम विद्यार्थी

मिलकर ट्रेन में एक साथ पत्तों से खेले, गाना गाए, बहुत सारी मौज मस्ती की। श्वेता मैम के साथ उनका छोटा बेटा भी आया था जिसका नाम था रेयांश। रेयांश के साथ भी हम लोगो ने बहुत सारी मस्ती की। और बाद मे सो गए। अगले दिन मैंने उठकर ब्रश किया और बाद में ट्रेन की कॉफी का मज़ा लिया। उसके बाद हम दोस्तों ने एक साथ बैठकर बहुत गप्पे शप्पे लगाए। रात को फिर से खाना खाकर सो गए और तीसरे दिन सुबह ५:३० बजे दिल्ली स्टेशन पर पहुंचे वहाँ बहुत ठंड थी। और यहीं पर हमारा ट्रेन का सफर समाप्त होता है।

दिल्ली स्टेशन पर पहुंचने के बाद हमें दो बार मेट्रो के टिकट निकालकर जाना पड़ा। हमें वहीं स्टेशन पर रुकने के लिए कहकर सर होटल देखने के लिए गए हम विद्यार्थि और श्वेता मैम वही पर इंतजार करने लगी। बाद में हम सब सामान लेकर चलकर बाहर गए। बाहर खडे होकर सर का आने क इंतजार कर रहे थे। लेकिन उस समय वहाँ के लोग हमें गंदी नजर से देख रहे थे। कुछ समय बाद दीपक सर लौट आए और हम सब ऑटो में बैठकर ज्योति महल गये। जहाँ हमारी रहने की व्यवस्था की थी। होटल का नाम था ज्योति मेहल। होटल में पहुंचने के बाद हमारी चेकिंग हुई। हमें जो रूम मिला था उस रूम का नंबर १०२ था। मेरे रूम में मैं, सुप्रवि, रंजना और संस्कृति हम चार लोग थे। मैं हमारे रूम में गई और सबसे पहले रूम को देखा, चेक किया, और सामान रखा। इसके बाद हमारे हिंदी क्षेत्रों में अध्ययन यात्रा की शुरुआत होती है।

हिंदी क्षेत्रों में अध्ययन यात्रा का पहला दिन

अक्षरधाम मंदिर

२० मार्च २०२४ को हम सब दिल्ली पहुँच गए। उसके बाद फ्रेश होकर दोपहर एक बजे खाना खाने के लिए बाहर चले गये। खाना खाने के बाद हमें सर ने बताया कि हम अक्षरधाम मंदिर जाएंगे।तो हम ३:०० बजे अक्षरधाम मंदिर जाने के लिए मेट्रो स्टेशन पर जाकर टिकट निकालि और मेट्रो में बैठकर अक्षरधाम मंदिर चले गए।

वहाँ बहुत कड़क चेकिंग हो रही थी। वहाँ हमारी चेकिंग की गई और हम सब अंदर गए तो हमें पता चला कि मोबाइल फोन्स, स्मार्ट वॉच पहनकर जाना अलाउड नहीं था। तो हमने वहाँ पर एक रूम में रख दिया।

अक्षरधाम मंदिर का इतिहास

अक्षर धाम मंदिर ६ नवंबर २००५ को खुला था। मंदिर का निर्माण कार्य ८ नवंबर २००० को शुरू हुआ था और ६ नवंबर २००५ को आम जनता के लिए खोला गया। इस मंदिर को बनाने में पांच वर्षों का समय लगा गिर का निर्माण ज्योतिरधर स्वामी नारायण के भगवान के स्मृति में किया था।

नई दिल्ली में बना स्वामी नारायण मंदिर ही अक्षरधाम मंदिर एक अनोखा सांस्कृतिक तीर्थ है। अक्षरधाम मन्दिर को गुलाबी, सफेद संगमरमर और बलुआ पत्थरों के मिश्रण से बनाया गया है। इस मंदिर को बनाने में स्टील, लोहे और कंक्रीट का इस्तेमाल नहीं किया गया। मंदिर को बनाने में लगभग पांच साल का समय लगा था। श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था के प्रमुख स्वामी महाराज के नेतृत्व में इस मंदिर को बनाया गया था। करीब १०० एकड़ भूमि में फैले इस मंदिर को ११ हजार से ज्यादा कारीगरों की मदद से बनाया गया। पूरे मंदिर को पांच प्रमुख भागों में विभाजित किया गया है। मंदिर में उच्च संरचना में २३४ नक्काशीदार खंभे, ९ अलंकृत गुंबदों, २० शिखर होने के साथ २०००० मूर्तियां भी शामिल हैं। मंदिर में ऋषियों और संतों की प्रतिमाओं को भी स्थापित किया गया है। पी यह मंदिर हफ्ते में दिन खुला रहता है और सोमवार को बंद रहता है इस मंदिर में २८७० सीढ़ियां बनी हुई है।

यह मंदिर बहुत ही खूबसूरत है दिल्ली के पारंपरिक १०००० पुराने भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और वास्तुकला को दर्शाता है। रिसर के अन्य आकर्षण तीन प्रदर्शनी हॉल है सहजानंद प्रदर्शन, नीलकंठ यात्रा, और संस्कृत विहार।

म्यूजिकल फव्वारा भी है। वहाँ मंदिर के सामने ही स्वामीनारायण के चरण हैं जिसमें मैंने पैसे गिराए थे। इस तरह से अक्षरधाम मंदिर है। उसके बाद हम बाहर आकर मंदिर के बाहर गेट एक पर हमारा ग्रुप फोटो निकाला और हम मेट्रो में बैठकर चले गए। यहीं पर हमारा पहला दिन समाप्त होता है।

अक्षरधाम मंदिर

इंडिया गेट



इंडिया गेट

अगले दिन २१ मार्च २०२४ को हम सुबह उठकर मुहँ धोकर नाश्ता किया और ९:०० बजे होटेल से निकलकर बस लेकर इंडिया गेट पर चले गए। वहा हम १०:०० बजे तक पहुँच गए। मैं वहा फूलों को देखकर हैरान हुयी थी क्योंकि इस कड़ी धूप में भी वे खिली हुई थी। इंडिया गेट दिल्ली का ही नहीं बल्कि भारत का महत्वपूर्ण स्मारक है। इंडिया गेट को ८०००० से अधिक भारतीय सैनिकों की याद में निर्मित किया गया था। जिन्होंने प्रथम विश्वयुद्ध में वीरगति पाई थी। यह स्मारक ४२ मीटर ऊंची आर्च से सज्जित है और इसे प्रसिद्ध वास्तुकार एडविन ल्यूटियन्स ने डिज़ाइन किया था। इंडिया गेट को पहले अखिल भारतीय युद्ध स्मृति के नाम से जाना जाता था। इंडिया गेट की डिज़ाइन इसके फ्रांसीसी प्रतिरूप स्मारक आर्क- डी-ट्रायोम्फ के समान है।

वास्तुकला यह इमारत भरतपुर से लाए गए लाल और पीले पत्थरों से बनी है जो एक विशाल ढांचे के मंच पर खड़ी है। इसके आर्च के ऊपर दोनों ओर 'इंडिया' लिखा है। इसकी दीवारों पर ७०००० से अधिक भारतीय सैनिकों के नाम शिल्पित किए गए हैं, जिनकी याद में इसे बनाया गया है। इसके शीर्ष पर उथला गोलाकार बाउलनुमा आकार है जिसे विशेष अवसरों पर जलते हुए तेल से भरने के लिए बनाया गया था।

वहा सारे शहीद जवानों के नाम लिखे हुए है। और स्मारिका भी है। जहा सभी इंडियन आर्मी के चीजे रखी हैं अगर कोई चाहे तो खरीद सकता है। इण्डिया गेट की दीवारों पर हजारों शहीद सैनिकों के नाम अंकित हैं और सबसे ऊपर अंग्रेजी में लिखी कुछ पंक्तियाँ हैं।

विशेषता - इंडिया गेट को एडविन लुटियन ने डिज़ाइन किया था जो तब दिल्ली के मुख्य वास्तुकार थे। उन्हें उस समय युद्ध स्मारक का एक प्रमुख डिजाइनर भी माना जाता था। साल 1931 में इसका निर्माण कार्य सम्पन्न हुआ। इंडिया गेट का निर्माण करने में मुख्य रूप से लाल और पीले पत्थरों का उपयोग किया गया है, जिन्हें खासतौर पर भरतपुर से लाया गया था।

इंडिया गेट के बारे में कुछ खास बातें

ड्यूक ऑफ कनॉट ने १० फरवरी १९२१ को इंडिया गेट युद्ध स्मारक की आधारशिला रखी। मेहराब को बनाने के लिए गुलाबी और पीले भरतपुर पत्थरों का इस्तेमाल किया गया था। संरचना के शीर्ष पर, INDIA शब्द लिखा गया है और यह सूर्य के शिलालेख से भी सुशोभित है। रोमन अंकों में तिथियों के साथ। यहां भारत के तीनों सशस्त्र बलों के झंडे फहराए जाते हैं। गणतंत्र दिवस पर, हर साल भारत के राष्ट्रपति द्वारा भारतीय ध्वज फहराया जाता है। इंडिया गेट पर बहुत सारे फोटो निकाले, स्मारक देखे, बाग –बगीचा देखा। लेकिन बहुत धूप थी। और हम वहा से चले गए।

ललित कला अकादेमी



इंडिया गेट के बाद हम ललित कला अकादेमी देखने गए। ललित कला अकादमी मे साहित्य बहुत ही अच्छे अलग तरीके से लिखा हुआ था। वहाँ पर हमें एक मैम ने गाइड किया। उसके उपरांत हम लायब्ररी देखने गए। ललित कला अकादमी स्वतंत्र भारत में गठित एक स्वायत्त संस्था है जो ५ अगस्त १९५४ को भारत सरकार द्वारा स्थापित की गई। यह एक केंद्रीय संगठन है जो भारत सरकार द्वारा ललित कलाओं के क्षेत्र में कार्य करने के लिए स्थापित किया गया था, यथा मूर्तिकला, चित्रकला, ग्राफकला, गृहनिर्माणकला आदि।



उद्देश्य

भारतीय कला के प्रति देश-विदेश में समझ बढ़ाने और प्रचार-प्रसार के लिए भारत सरकार ने नई दिल्ली में १९५४ में 'राष्ट्रीय ललित कला अकादमी' स्थापना की थी। इसके लिए यह अकादमी प्रकाशनों, कार्यशालाओं तथा शिविरों का आयोजन करती है। यह प्रतिवर्ष एक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी तथा प्रत्येक तीसरे वर्ष 'त्रैवार्षिक भारत' नामक एक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी भी आयोजित करती है। अकादमी द्वारा प्रतिवर्ष डॉ. आनन्द कुमार स्वामी की स्मृति में एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया जाता है।

राष्ट्रीय कला अकादमी का मुख्यालय रवीन्द्र भवन, दिल्ली में है और यह भारतीयों के अलावा अन्य राष्ट्रीयताओं का मनोरंजन नहीं करता है। राष्ट्रीय कला अकादमी की फंडिंग केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा की जाती है। राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने उत्तम पाचारणे को ललित कला अकादमी का अध्यक्ष नियुक्त किया क्योंकि वह एक महान कलाकार और मूर्तिकार थे।

राष्ट्रीय कला अकादमी भुवनेश्वर, चेन्नई, बैंगलोर, दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और शिमला जैसे कई स्थानों पर स्थित है। अपनी ६०वीं वर्षगाँठ के अवसर पर, १६ सितंबर २०१४ को उन्होंने एक कार्यक्रम आयोजित किया जिसे स्पिरिट ऑफ़ दिल्ली के नाम से जाना जाता है और उस कार्यक्रम में कई कलाकारों और कवियों को अपना काम या अपनी बनाई कलाएँ दिखाने के लिए बुलाया गया था।

कुछ बातें

ललित कला अकादमी में एक म्युज़ीयम है वहा गए। उसमें हमने अलग अलग प्रकार के नए पुराने संगीत वाद्यंतर देखे। वहा के एक सर से हमने बातचीत भी की और वाद्यंतरो के बारे में जानकारी हासिल की। बहुत सारे वाद्य वहा पर है। वो संगीत वाद्य जो है वो कहां से लाए गए, कहां उनका निर्माण हुआ, भारत के कौनसे राज्य में इन्हे बजाया जाता है, किस अवसर पर उन्हें बजाया जाता है, किन्ह वस्तुओ के उपयोग से वह बने हैं, उनकी क्या खासियत है, उन वस्तुओं को नाम कैसे दिया गया इन सबके बारे में हमे जानकारी प्राप्त हुई। वहा पर हम पुस्तकालय में भी गए थे। और वहा बहुत सारे नाटक के संबंधित प्रकाशित पुस्तकें, पत्रिकाएँ देखी। कहीं किताबे वहा पर हैं और हम चाहे तो किताबे खरीद भी सकती हैं।

अकादमी में अलग अलग तरह के नृत्य के मास्क भी है जैसे रामलीला मास्क, जात्रा मास्क, गणपति मास्क, चाऊ नृत्य मास्क आदि। अलग अलग देशों के मास्क जो अपने अपने परंपारिक नृत्य मे लगाते है वो हमने देखा। इन वाद्यंतरो को संभालकर रखना जरूरी है क्योंकि जो कलाएँ है वो लुप्त होती जा रही है। हाथ, औंठ, पैर, उंगलियों से बजानेवाले वाद्य वहा रखे हुए हैं। साप के आकार जैसे, हाथी के दांतो से बने, सिंग से बने, मोर के आकार जैसे, नगारे आदि वाद्य वहा पर सुरक्षित रखे हुए है जो की बहुत ही प्राचीन काल के है। इसी से हमारे आनेवाली पीढ़ी को भी संगीत वाद्य के बारे में जानकारी प्राप्त होगी।

EDMI NOTE 5 PRO

लोटस टेंपल







लोटस टेंपल

उसी दिन दोपहर को लोटस टेंपल देखने गए। वहा हम २:३० पहुँच गए थे। पहले हमे वहा खाना खाया और लोटस टेंपल देखने गए। लोटस टेंपल कहनेपर मुझे ऐसा लगा था की उसमें किसी भगवान की मूर्ती स्थापित की गयी होगी और उसे बाहर से कमल के आकार में बाँधा होगा जिस कारण उसे लोटस टेंपल कहते होंगे। लेकिन ऐसा नही था। वहा जानेपर मेरी गलतफहमी दूर हो गयी।

लोटस टेंपल एक डेस्टिनेशन है जो दिल्ली के प्रमुख आकर्षणों में से एक है और वह है लोटस टेंपल। लोटस टेंपल को कमल मंदीर भी कहा जाता हैं। दिल्ली के नेहरू प्लेस में स्थित लोटस टेंपल एक बहाई उपासना मंदिर है, जहा न ही कोई मूर्ति है और न ही किसी प्रकार की पूजा पाठ की जाती है। लोग यहां आते हैं शांति और सुकून का अनुभव करने। कमल के समान बनी इस मंदिर की आकृति के कारण इसे लोटस टेंपल कहा जाता है। कमल के फूल के आकार वाले इस मंदिर का निर्माण नवंबर १९८६ में पूरा हुआ और २४ दिसंबर १९८६ को इसका उद्घाटन किया गया। लेकिन आम जनता के लिए इस मंदिर को १ जनवरी १९८७ को नए साल के दिन खोला गया था। यही वजह है कि इसे २०वीं सदी का ताजमहल भी कहा जाता हैं।

लोटस टेंपल के अंदर जाने से पहले बहुत बड़ा बाग है। जो बहुत बड़ा है। वहा उन पौदो को बहुत ही अच्छा आकार दिया है जो उस मन्दिर की सुंदरता का भाग हैं। मंदीर के अंदर जाने से पहले हमें अपने जूते उतरना हैं और एक लाइन में जाना हैं। वही उस मंदीर के नीचे पानी है क्योंकि कमल पानी में होता है जिस कारण वश वहा पर पानी रखा है।

सभी को एक साथ जाने की अनुमति नहीं है। वहा कुछ बहाई ट्रस्ट के लोग है जो सब लोगों को लोटस मंदीर के इतिहास के बारे में बताते है और सभी को अंदर जाकर आवाज़ न करने की सलाह देते है। मंदीर में फोटो निकालना मना है।

भारतीय परंपराओं में कमल को शांति और पवित्रता के सूचक और ईश्वर के अवतार के रूप में देखा जाता है। दुनिया भर में आधुनिक वास्तु कला के नमूनों में से एक लोटस टेंपल भी है। इसका निर्माण बहा उल्लाह ने करवाया था, जो कि बहाई धर्म के संस्थापक थे। इसलिए इस मंदिर को बहाई मंदिर भी कहा जाता है। बावजूद इसके यह मंदिर किसी एक धर्म के दायरे में सिमटकर नहीं रह गया। यहां सभी धर्म के लोग आते हैं और शांति और सूकून का लाभ प्राप्त करते हैं। इसके निर्माण में करीब १ करोड़ डॉलर की लागत आई थी। वर्ष २००१ की एक रिपोर्ट के मुताबिक इसे दुनिया की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली जगह बताया गया था।

लोटस टेंपल खुलने का समय:- गर्मियों के मौसम में सुबह ९ बजे से शाम को ७ बजे तक मंदिर खुलता है और वहीं सर्दियों में सुबह साढ़े ९ बजे से शाम को साढ़े ५ बजे तक के लिए खोला जाता है। यहां पर किसी प्रकार की एंट्री फीस नहीं ली जाती है।

लोटस टेंपल के अंदर बहुत बड़ा हॉल है और उसकी ऊँचाई भी बहुत है। और उपर कमल की पंखुड़ियों से बना फूल का आकार है। अंदर जाने के बाद मन को शांति मिलती है क्योंकि सब मौन रहते है कोई शोर शरवा नही हैं। मन्दिर के बाहर कई सारी दुकाने है जैसे खाना खाने के, चुड़ीवाले, पानी - पूरीवाले आदि।

लोटस टेंपल का इतिहास

लोटस टेम्पल दिल्ली एक बहाई पूजा घर है, जिसे मशरिकुल-अधकार के नाम से भी जाना जाता है, जिसे दिसंबर १९८६ में जनता के लिए खोला गया था। अन्य सभी बहाई मंदिरों की तरह, यह भी धर्मों और मानवता की एकता के लिए समर्पित है। सभी धर्मों के अनुयायियों का प्रार्थना, पूजा और अपने धर्मग्रंथों को पढ़ने के लिए यहां एकत्रित होने के लिए स्वागत है। दिल्ली में लोटस टेम्पल को दुनिया भर में स्थित सात प्रमुख बहाई पूजा घरों में से एक और एशिया में एकमात्र माना जाता है।

वास्तुकला

हरे-भरे भूदृश्य वाले बगीचों से घिरी, कमल से प्रेरित यह संरचना २६ एकड़ भूमि में फैली हुई है। ग्रीस से प्राप्त सफेद संगमरमर का उपयोग करके बनाया गया, इसमें मुक्त अवस्था में २७ पंखुड़ियाँ शामिल हैं। संरचना को नौ-तरफा गोलाकार आकार देने के लिए इन पंखुड़ियों को तीन के समूहों में व्यवस्थित किया गया है, जैसा कि बहाई धर्मग्रंथ में संकेत दिया गया है। इसमें नौ प्रवेश द्वार हैं जो एक विशाल केंद्रीय हॉल में खुलते हैं, जिसकी ऊंचाई लगभग ४० मीटर है। मंदिर में १३०० लोगों के बैठने की क्षमता है और इसमें एक समय में २५०० लोग बैठ सकते हैं।

मंदिर की एक आकर्षक विशेषता पंखुड़ियों के चारों ओर स्थित पानी के नौ कुंड हैं। वे किसी जलाशय में आधे खिले हुए कमल का आभास देते हैं और रात में रोशनी होने पर पूरी संरचना शानदार दिखती है। इस मंदिर का डिज़ाइन ईरानी-अमेरिकी वास्तुकार फ़रीबोरज़ साहबा द्वारा किया गया था, जबकि संरचनात्मक डिज़ाइन यूके की फर्म फ्लिंट और नील द्वारा किया गया था। लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के ईसीसी कंस्ट्रक्शन ग्रुप ने मंदिर के निर्माण कार्य का बीड़ा उठाया और १० मिलियन डॉलर की लागत से इसे पूरा किया।

विशेषताएँ

लोटस टेम्पल को बनाने में लगभग १० साल का लंबा समय लगा। लोटस टेम्पल बहाई धर्म के ७ प्रमुख मंदिरों में से एक है। इसके अलावा बहाई धर्म के अन्य मंदिर कंपाला, सिडनी, इलिनोइस, फ्रैंकफर्ट, विलमेट, पनामा और एपिया में हैं। ऐसा माना जाता है कि यह लोटस टेंपल एकता, अखंडता और विस्तार का प्रतिनिधित्व करता है। इस मंदिर में प्रतिदिन हजारों लोग निर्धारित प्रार्थना में भाग लेने के लिए आते हैं। लोटस टेम्पल में हर घंटे ५ मिनट के लिए विशेष प्रार्थना आयोजित की जाती है। इसके अलावा यहां किसी भी तरह के संगीत वाद्ययंत्र बजाने की भी इजाजत नहीं है।

उद्देश्य

लोटस टेम्पल को बहिया आस्था के पूजा स्थल के रूप में बनाया गया था; बहाई धर्म लोगों के बीच एकता और समानता पर जोर देता है और सभी धर्मों के महत्व को सिखाने में विश्वास करता है। लोटस टेम्पल सभी धर्मों के लोगों को संप्रदाय पर किसी भी प्रतिबंध के बिना पूजा करने के लिए स्वागत करता है। सभी धर्म के लोग यहाँ आकर बैंठ सकते हैं इसी उद्देश्य से बनाया गया।

मुझे वहा लोटस टेंपल के पास पानी देखकर नहाने की इच्छा हुई थी क्योंकि वहा बाहर गर्मी थी। मन्दिर से बाहर आकर हमने फोटो लिए और चप्पल पहने और वहा के परिसर का आनंद लेते हुए चले गए।

हुमायुं का मकबरा



लोटस टैंपल से निकलने के बाद हम हुमायुं का मकबरा देखने गए। हुमायूं का मकबरा दिल्ली के सबसे प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों में से एक है, जिसकी वास्तुकला आपको अपनी तरफ आकर्षित कर सकती है।यह खूबसूरत मकबरा मुगल सम्राट हुमायूं की याद में उनकी पहली पत्नी हाजी बेगम द्वारा निर्मित करवाया गया था। वह बहुत बड़ा है।

हुमायूं के मकबरे का इतिहास

हाजी बेगम ने हुमायूं की मृत्यु के नौ साल बाद १५६५ में इस मकबरे का निर्माण कार्य शुरू करवाया था, जो १५७२ ई में पूरा हुआ। लाल बलूआ पत्थर और सफेद संगमरमर पत्थरों से बने इस मकबरे को उस समय लगभग १५ लाख रुपये की लागत में बनवाया गया था और इसकी संरचना इस्लामिक और फारसी वास्तुकला का मिश्रण है। हुमायूं के मकबरे की शोभा तब बढ़ी, जब १९९३ में यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में इसे शामिल किया गया।

हुमायूं के मकबरा के खुलने और बंद होने का समय

हुमायूं का मकबरा सोमवार से रविवार तक सुबह ६:०० बजे खुलता है और रात के ६:०० बजे बंद हो जाता है। आप चाहें तो किसी भी मौसम में दिल्ली के इस खूबसूरत ऐतिहासिक पर्यटन स्थल की ओर रूख कर सकते हैं, लेकिन वसंत ऋतु और सर्दियों के मौसम में यहां घूमने का अच्छा समय है।

दरअसल, गर्मियों के दौरान गर्मी और वर्षा ऋतु में बारिश आपकी घूमने की योजना में बाधा उत्पन्न करने का कारण बन सकती है। मकबरे से जब बाहर देखते हो तब बेहद सुंदर नज़ारा है। बहुत बड़ा बाग है कहा जाता है कि इसके निर्माण में फारसी को भी शामिल किया गया था।

महत्वपूर्ण बाते:- मिश्रित वास्तुकला: यह भारतीय, फारसी और तुर्की स्थापत्य शैली का मिश्रण था।

विविधता: विभिन्न प्रकार की इमारतें, जैसे- राजसी द्वार (प्रवेश द्वार), किले, मकबरे, महल, मस्जिद, सराय आदि इसकी विविधता थी। भवन निर्माण सामग्री: इस शैली में अधिकतर लाल बलुआ पत्थर और सफेद संगमरमर का प्रयोग किया जाता था।

विशेषता: इस शैली में विशिष्ट विशेषताएँ हैं जैसे- मकबरे की चारबाग शैली, स्पष्ट बल्बनुमा गुंबद, कोनों पर पतले बुर्ज, चौड़े प्रवेश द्वार, सुंदर सुलेख, अरबी और स्तंभों तथा दीवारों पर ज्यामितीय पैटर्न एवं स्तंभों पर समर्थित महल हॉल आदि थी। मेहराब, छतरी और विभिन्न प्रकार के गुबंद भारत इस्लामी वास्तुकला में बेहद लोकप्रिय हो गए तथा मुगलों के शासन के तहत से और विकसित किया गया।

हुमायूँ के मकबरे में हुमायूँ का शरीर दो अलग-अलग जगहों पर दफनाया गया है।

एक इंग्लिश व्यापारी, विलियम फिंच १६११ में मकबरे को देखने आया था, उसने बाद में अपने लेख में मकबरे की आतंरिक सुन्दरता, शामियाने, कब्र और दीवारों पर की गयी कलाकृतियों के बारे में बताया। उसने लिखा है कि केन्द्रीय कक्ष की आंतरिक सज्जा आज के खालीपन से अलग बढ़िया कालीनों व गलीचों से परिपूर्ण थी। कब्रों के ऊपर एक शुद्ध श्वेत शामियाना लगा होता था और उनके सामने ही पवित्र ग्रंथ रखे रहते थे। इसके साथ ही हुमायूँ की पगड़ी, तलवार और जूते भी रखे रहते थे।

मकबरे की डिजाईन पर्शियन और भारतीय परंपराओ के अनुसार बनायी गयी है।हुमायूँ के मकबरे में तक़रीबन १५० कब्रे है जो एक गार्डन से घिरी हुई है। यह मकबरा बहुत बड़ा है और सबको आकर्षित करता है। लोग उसे देखने के लिए दूर दूर से आते हैं। जहाँ ताज महल प्रेम का प्रतिक है उसी तरह हुमायुं का मकबरा भी हम प्रेम का प्रतिक मान सकते हैं। हमलोगों ने यहाँ पर बहुत फोटो निकले। हमें वहा से नही निकले ऐसा लग रहा था। बाद में हम वहा से शाम के ६:०० बजने के बाद निकल गए।

लक्ष्मीनारायण मंदिर / बिरला मंदिर

बिरला मन्दिर

हुमायुं के मकबरे से निकलने के बाद हम २० –२५ मिनट में बिरला मन्दिर पहुँच गए। हम सब बस से उतरकर अंदर जाने के लिए गए। सब से पहले हमने हमारा समान इकट्ठा किया क्योंकि मन्दिर के अंदर मोबाईल फोन लेकर जाना मना है। उसके साथ हमें अपने जूते भी वही एक थैली मे रखना पड़ा। उसके उपरांत मन्दिर में प्रवेश किया।

बिरला मन्दिर का इतिहास

बिरला मन्दिर को लक्ष्मीनारायण मन्दिर नाम से भी जाना जाता है। यह मन्दिर दिल्ली के प्रमुख मंदिरों में से एक है और एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण है। उद्योगपति श्री द्वारा निर्मित १९३९ में जेके बिड़ला द्वारा बनवाया गया यह खूबसूरत मंदिर कनॉट प्लेस के पश्चिम में स्थित है। बता दें कि मंदिर की आधारशिला महाराज उदयभानु सिंह ने रखी थी। इस मंदिर के निर्माण के समय पंडित विश्वनाथ शास्त्री मार्गदर्शक थे। मंदिर का निर्माण पूरा होने के बाद स्वामी केशव नंदजी ने समापन समारोह और यज्ञ

किया गया। इस मंदिर का उद्घाटन महात्मा गांधी द्वारा किया गया था, जिन्होंने इसके लिए यह शर्त रखी थी कि मंदिर में प्रवेश भक्तों की जाति द्वारा परिभाषित नहीं किया जाएगा। उन्होंने इस बात को जोर देकर कहा था कि मंदिर में सभी जातियों के भक्तों को प्रार्थना करने की अनुमति दी जानी चाहिए, चाहे वह ब्राह्मण हो या शूद्र।

वास्तुकला

यह मन्दिर वास्तुकला का एक उत्कृष्ट नमूना भी है। इस मंदिर के डिजाइनर श्रीश चंद्र चटर्जी आधुनिक भारतीय वास्तुकला आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। यह देश में एक बहुत ही दिलचस्प समय था। देश स्वदेशी आंदोलन को बड़े पैमाने पर देख रहा था। यह मन्दिर अपने समय को दर्शाती हैं। मंदिर कि वास्तुकला बेहद आकर्षक है। चटर्जी एक ऐसे व्यक्ति थे जो अपनी आधुनिक मानसिकता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने इसका निर्माण धार्मिक और राष्ट्रीय महत्व को ध्यान में रखते हुए इस मंदिर को बनाने में आधुनिक तकनीकों और सामग्रियों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया।

बिरला मंदिर एक तीन मंजिला इमारत है, जिसे वास्तुकला की नगाड़ा शैली में बनाया गया है। आचार्य विश्वनाथ शास्त्री के नेतृत्व में बनारस के सैकड़ों कारीगरों ने मंदिर के सजाने के काम किया था। इस मंदिर में कोटा स्टोन वर्क भी है जो मकराना, आगरा, जैसलमेर, और कोटा जैसे विभिन्न स्थानों से लाया गया था। इस मंदिर का सबसे प्रमुख आकर्षण इसका शिखर है जो गर्भगृह के ऊपर है और १६० फीट ऊंचा है। मंदिर के उत्तर की तरफ गीता भवन स्थित है जो भगवान कृष्ण को समर्पित है। मुख्य मंदिर के अलावा और भी मंदिर भी स्थित हैं जो भगवान शिव, बुद्ध और कृष्ण को समर्पित हैं। मंदिर की आकर्षक वास्तुकला के अलावा यहां के कृत्रिम परिदृश्य और झरने इस मंदिर की सुंदरता में चार चांद लगाते हैं। यह मन्दिर सुबह ४:३० बजे खुलता है और दोपहर १:३० बजे बंद होता है। उसके बाद २:३० को खुलता है और रात के ९:०० बजे बंद होता हैं।

कुछ बातें

इस मंदिर में कुल तीन भाग है जो धर्म के तीन रूपों का प्रतिनिधित्व करते हैं। मंदिर के सबसे महत्वपूर्ण भागों में लक्ष्मी नारायण की आकर्षक मूर्ति शामिल है जो अखंड पत्थर से बनी हुई है। मंदिर की दूसरी मूर्तियों में भगवान गणेश की मूर्ति शामिल है। मंदिर का इंटीरियर पौराणिक चित्रों और बहुत से हिन्दू देवताओं के चित्रों से सजाया गया है। बिरला मंदिर में एक विशाल मार्बल है, जहाँ सभी एतिहासिक पौराणिक घटनाओं का उल्लेख किया गया है।मन्दिर मे जाने के बाद वहा से निकलने का मन ही नही करता। लेकिन जाना सभी को होता है। हम ८:०० बजने से पहले वहा से निकल गए। हम सब जहा रहे थे ज्योति महल में जाने के लिए गए। हम ९ बजे तक पहुँच गए और हमने खाना खाया और सो गए। यही पर हमारा यह दिन समाप्त होता है।

दिल्ली विश्वविद्यालय



REDMI NOTE 5 PRO

दिल्ली विश्वविद्यालय

अगले दिन २२ मार्च २०२४ को सुबह हम निकले दिल्ली विश्वविद्यालय। दिल्ली विश्वविद्यालय उस दिन बंद था। हम बाहर से पुरा विश्वविद्यालय घूम लिया, क्लासिस देखे।

दिल्ली विश्वविद्यालय की स्थापना के १०० साल पूरे होने के बाद १ मई से शताब्दी समारोह मनाया जाएगा। डीयू के इस शताब्दी सारोह को खास बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने सालाना समारोह की योजना बनाई है। कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह ने कहा है कि डीयू को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ २०० विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल कराने का लक्ष्य रखा गया है.

शताब्दी समारोह के मौके पर डीयू के कैंपस में १०० जगहों पर १०० पेड़ लगाए जाएंगे। इसके अलावा, नए हॉस्टल बनाए जाएंगे, लाइट ऐंड साउंड शो के जरिए इतिहास बताया जाएगा, पुस्तक मेला, प्रदर्शनी, सम्मेलन और लिटफेस्ट का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा उन छात्रों को अपनी डिग्री पूरी करने का मौका दिया जाएगा, जिन्होंने किसी कारणवश कोर्स को बीच में छोड़ दिया था।

इतिहास

कैसे बना दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय की स्थापना अंग्रेजों के शासनकाल में साल १९२२ में हुई। उस समय की संसद यानी सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेंबली के एक कानून द्वारा इस विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। भारत के राष्ट्रपति इसके विजिटर, उप-राष्ट्रपति चांसलर और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस इसके प्रो-चांसलर होते हैं।

आजादी की लड़ाई से भी कनेक्शन बताया जाता है कि जब चंद्रशेखर आजाद ब्रिटिश सरकार से छिप रहे थे तो रामजस कॉलेज के छात्रों ने उन्हें अपने पास छिपा लिया था. आजाद ने सिखों जैसी वेशभूषा बना रखी थी और हॉस्टल में वॉर्डन के संरक्षण में रह रहे थे. भगत सिंह को जब सेंट्रल असेंबली में बम फेंकने के जुर्म में ८ अप्रैल १९२९ को सजा सुनाई गई, तब उन्हें वायसरॉय लॉज में बंद रखा गया था. १८५७ में सैन्य विद्रोह के दौरान अंग्रेज अधिकारी यहीं आकर छिपे थे।

देश के विभाजन के समय नहीं मनाया गया दीक्षांत समारोह साल १९४७ में जब देश को आजादी मिली तो साथ-साथ बंटवारा भी हुआ। उस साल दिल्ली यूनिवर्सिटी के २५ साल पूरे हुए थे यानी रजत जयंती वर्ष था। इसी साल विजयेंद्र कस्तूरी रंगा वरदराज राव ने डीयू के मुख्य भवन में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। हालांकि, उस साल दीक्षांत समारोह का आयोजन नहीं किया गया. इसके बजाय, अगले साल यानी १९४८ में एक खास समारोह आयोजित हुआ. इस कार्यक्रम में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू, लार्ड माउंटबेटन, अबुल कलाम आजाद, डॉ. जाकिर हुसैन और शांति स्वरूप भटनागर जैसे शख्स शामिल हुए।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया

जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में हम गए थे लेकिन हमें अंदर नहीं लिया गया। क्योंकि हमने पहले नोटिस नही दिया था ऐसा कुछ मामला हुआ था। तो हम बहुत देर बाहर खड़े रहकर चले गए।

हिंदू कॉलेज

जामिया मिलिया इसलामियाँ से हम हिंदू कॉलेज गए। वहा हमें एक सर मिले उन्होंने हमें पूरे कॉलेज के बारे में बताया। वहा दो नोटिसबोर्ड है अभिव्यक्ति और लहर। इस कॉलेज मे एक मेका इवेंट होता है जो बहुत बड़ा होता है। और इस इवेंट में जो सेलेब्रेटी भी आते है।हिंदू कॉलेज कहने पर लगता है कि केवल हिंदुओं के लिए होगा लेकिन ऐसा नही है। वहा एक खुला मंच है, बहुत बाड़ा मैदान है, उसी के साथ उस कॉलेज मे जो पड़कर गए है और सेलेब्रेटी बने है उनकी तस्वीरें वहा पर लगाई गई है। हिंदू कॉलेज को देश के प्रमुख और सम्मानित शैक्षणिक कॉलेजों में से एक के रूप में स्वीकार किया जाता है। हिंदू

कॉलेज, नई दिल्ली द्वारा कुल ३९ कोर्स प्रस्तुत किए गए हैं। हिंदू कॉलेज द्वारा प्रदान किए गए डिग्री में बी.एससी, बी.कॉम, बी.ए., एम.एससी, एम.कॉम, एम.ए. और सर्टिफिकेट डिप्लोमा पाठ्यक्रम कुछ विदेशी भाषाओं में शामिल हैं जिनमें फ्रेंच, जर्मन और रूसी शामिल हैं।

इतिहास

हिंदू कॉलेज की स्थापना १८९९ में ब्रिटिश राज के खिलाफ राष्ट्रवादी संघर्ष की पृष्ठभूमि में कृष्ण दासजी गुरवाले और पंडित दीन दयाल शर्मा द्वारा की गई थी। राय बहादुर अंबा प्रसाद, गुरवाले जी सहित कुछ प्रमुख नागरिकों ने एक कॉलेज शुरू करने का फैसला किया जो गैर-अभिजात्य और गैर-सांप्रदायिक होते हुए भी युवाओं को राष्ट्रवादी शिक्षा प्रदान करेगा। मूल रूप से, कॉलेज किनारी बाज़ार, चांदनी चौक में एक साधारण इमारत में स्थित था, और यह पंजाब विश्वविद्यालय से संबद्ध था क्योंकि उस समय दिल्ली में कोई विश्वविद्यालय नहीं था। जैसे-जैसे कॉलेज का विकास हुआ, १९०२ में इसे एक बड़े संकट का सामना करना पड़ा।

